6/17/22, 12:32 PM 15062022_E.jpg (960×701)

**कार्यक्रम** • एम्बाकमेंट एसेट्स मैनेजमेंट सिस्टम फॉर रिवर बेसिन्स इन बिहार कार्यक्रम का मंत्री ने किया उद्घाटन

# बाढ़ पर नियंत्रण हो जाए तो तेजी से होगा बिहार का विकास, शीघ्र पूरा करें कटावरोधी कार्य : संजय झा

भास्कर टीम | दरभंगा

जल संसाधन व सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के मंत्री संजय कुमार झा ने कहा कि बिहार में गंडक, बागमती, कोसी, कमला नदी का पानी नेपाल से आता है। नेपाल से वार्ता भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र में है। बिहार सरकार की ओर से अपनी बातें भारत सरकार तक पहुंचाई जाती रही है। बाढ़ के दौरान कटाव निरोधक कार्य एवं आपदा प्रबंधन कार्य में बहुत बड़ी राशि व्यय होती है। यदि इस पर नियंत्रण हो जाए,तो बिहार का तेजी से विकास होगा। वे मंगलवार को होटल गार्सिया में एफएमआईसी एवं विश्व बैंक की ओर से आयोजित एम्बाकमेंट एसेट्स मैनेजमेंट सिस्टम फॉर रिवर बेसिन्स इन बिहार कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। वे दरभंगा दौरे के क्रम में पांच महत्वपूर्ण विभागीय कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने घनश्यामपुर प्रखंड अंतर्गत रसियारी कैंप में आयोजित कार्यक्रम में कमला बलान दायां तटबंध के ग्राम जयदेवपट्टी से ग्राम रसियारी तक उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं उसे मोटरेबल बनाने के कार्य का कार्यारंभ किया। दरभंगा समाहरणालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर के परिक्षेत्राधीन समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, बेगूसराय और खगड़िया जिले में हुए एवं हो रहे कटाव व बाढ़ निरोधक कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। दरभंगा एयरपोर्ट और एयरफोर्स स्टेशन के चारों ओर रिंग बांध पर पीसीसी सड़क के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। दिल्ली मोड़ के पास एक होटल आयोजित कार्यशाला एवं ट्रेनिंग कार्यक्रम में शामिल हुए। दरभंगा दौरे के अंत में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, लहेरियासराय से चट्टी चौक होते हुए हरपट्टी तक नाला लाइनिंग कार्य का स्थल निरीक्षण किया और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल तथा कई वरीय अधिकारी मौजूद थे।

## दरभंगा एयरपोर्ट और एयरफोर्स परिसर की सुरक्षा और बेहतर होगी



तटबंध मरम्मत का शिलान्यास करते मंत्री संजय कुमार झा।

**कमला बलान दायां तटबंध का जयदेव पट्टी से रसियारी तक होगा कायाकल्प :** जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने घनश्यामपुर प्रखंड अंतर्गत रसियारी कैंप में आयोजित कार्यक्रम में कमला बलान दायां तटबंध के ग्राम जयदेवपट्टी से ग्राम रसियारी तक उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं उसे मोटरेबल बनाने के कार्य का कार्यारंभ किया। उन्होंने कहा कि इससे जयदेव पट्टी से रसियारी तक कायाकल्प होगा। इस कार्य से जयदेव पट्टी, गोढ़ैइल, लिट्टी चौक, बुढ़ेब, बौर, कुमरोल, रसियारी एवं आसपास के गांवों की बड़ी आबादी को बाढ़ से सुरक्षा मिलेगी और आवागमन में सुविधा होगी। इस मौके पर आयोजित सभा में अलीनगर के विधायक मिश्रीलाल यादव भी मौजूद थे।

**कटाव व बाढ़ निरोधक कार्यों को शीघ्र पूरा करें पदाधिकारी :** मंत्री ने दरभंगा समाहरणालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर के परिक्षेत्राधीन समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, बेगूसराय और खगड़िया जिले में कराए गए एवं कराए जा रहे कटाव व बाढ़ निरोधक कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की।उन्होंने पांचो जिलों के विभागीय अधिकारियों से एक-एक योजना की विस्तृत जानकारी ली और उन्हें शीघ्रता से पूरा कराने के लिए जरूरी निर्देश दिए।

**बाढ़ और जलजमाव से सुरक्षित हुआ दरभंगा एयरपोर्ट:** मंत्री ने कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट एवं एयरफोर्ट स्टेशन की चारों ओर निर्मित रिंग बांध पर जल संसाधन विभाग द्वारा पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। इस कार्य से दरभंगा एयरपोर्ट और एयरफोर्स स्टेशन को बाढ़ तथा बरसाती जलजमाव से सुरक्षित हो गया है। परिसर में जलजमाव की स्थिति में उसकी निकासी के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा एंटी फ्लड स्लुईस गेट का भी निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही दरभंगा एयरपोर्ट के मुख्य प्रवेश द्वार के पास बांध के स्लोप पर मिथिला पेंटिंग आर्टवर्क से सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दरभंगा एयरपोर्ट को बाढ़ और जल जमाव से सुरक्षा सुनिश्चित करने के मुख्यमंत्री के निर्देश पर एयरपोर्ट सहित पूरे एयरफोर्स परिसर के चारों ओर विभाग के रिंग बांध पर पक्की सड़क का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। इससे पूरे एयरफोर्स परिसर की पेट्रोलिंग में मदद मिलेगी, जिससे एयरपोर्ट और एयरफोर्स परिसर की सुरक्षा और बेहतर होगी।

https://wrd.fmiscwrdbihar.gov.in/documents/2022/15062022_E.jpg 1/1